न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनूपगढ़

(प्रथम अपील अधिकारी अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005)

पीठासीन अधिकारी : अवधेश मीना, आई.ए.एस.

प्र.सं. 51/2024

जी.सी.एस.एस. नं. : 2024/200

1. नक्षत्र सिंह पुत्र हमीर सिंह तहसील रायसिंहनगर, अनूपगढ़

बनाम

1. अति. जिला कलक्टर अनूपगढ़

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 20.12.2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार से हैं कि अपीलार्थी द्वारा यह प्रथम अपील प्रत्यर्थी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के आधार पर प्रस्तुत की गयी हैं। अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पत्र के संबंध में जवाब प्रतिवेदन तलब किया गया। राज्य लोक सूचना अधिकारी कलैक्ट्रेट एवं अति. जिला कलक्टर अनूपगढ़ के पत्रांक आरटीआई/एसपीआईओ/2024/119 दिनांक 19.12.2024 के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं कि आवेदन पत्र अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर से संबंधित होने के कारण धारा 6(3) के तहत कार्यालय के पत्रांक 96–97 राजकाज रेफरेंस संख्या 10777465 दिनांक 26.09.2024 के द्वारा अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रायसिंहनगर को आवेदन हस्तांतरित किया जाकर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवा दी गयी है।

पत्रावली का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा सूचना नहीं देने आधार पर अपील प्रस्तुत की गयी हैं। राज्य लोक सूचना अधिकारी कलैक्ट्रेट एवं अति. जिला कलक्टर अनूपगढ़ के द्वारा अपने प्रतिवेदन के साथ पत्रांक/आरटीआई/2024/96–97 दिनांक 26.09.2024 की छायाप्रति प्रस्तुत की गयी है, जिसके अनुसार प्रत्यर्थी के द्वारा अपीलार्थी/आवेदक का आवेदन पत्र अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर को हस्तांतरित करते हुए अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई गयी है। अतः लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रत्यर्थी को आवेदन हस्तांतरण की सूचना उपलब्ध करवा दी गई है तथा अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका के विरूद्ध अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस कार्यालय को नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील स्वीकार योग्य नहीं है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को सूचनार्थ/पालनार्थ प्रेषित की जावे।

निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 20.12.2024 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अवधेश मीना)
जिला कलक्टर I.A.S
अनूपगढ़
कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
अनूपगढ़

न्यायालय जिला कलक्टर
अनूपगढ़ (राज.)